DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

Hindustan Times
NEW DELHI
SATURDAY
DECEMBER 16, 2023

# Panel approves 2 roads through Southern Ridge

Jasjeev Gandhiok

jasjeev.gandhiok@hindustantimes.com

**NEW DELHI:** The Supreme Court-appointed Central Empowered Committee (CEC) has approved a Delhi Development Authority (DDA) proposal to construct two roads — with a total length of around 2.7km — in parts of the Southern Ridge between Chhattarpur and Maidangarhi to facilitate a series of housing projects for central security agencies, among other projects, according to a report submitted by the committee to the top court.

The roads that will connect Chhattarpur's Gaushala Road to the South Asian University (SAU) road (1.07km) and the university to the Central Armed Police Forces Institute of Medical Sciences (CAPFIMS) in Maidangarhi (1.65 km), will pass through 8.7 hectares of forest and non-forest land and involve felling or transplantation of 1,051 trees. HT has seen a copy of the report.




**New roads in Ridge**

Map: Google Earth

| Around | Area impacted | No. of trees to be felled/transplanted |
|---|---|---|
| **2.7 km** Total length of the road | **8.7 hectares** (4.6 ha part of the Southern and Morphological Ridge; rest non-forest land) | **1,051** (296 in non-forest land) |

Connecting Chhattarpur Gaushala - South Asia University - CAPFIMS (Maidangarhi)

**ESTIMATED COSTS**

Gaushala Road (1.07km)
**₹29.86 crore**

CAPFIMS Road (1.65 km)
**₹33.62 crore**

To be sure, DDA will need a clearance under the Forest Conservation Act, 1980, if the area is a notified forest, despite CEC approval. To fell trees on non-forest land, permission will have to be sought under the Delhi Protection of Trees Act 1994. HT reached out to DDA but no response was available.

The move has invited strong criticism from environmental activists who have pointed out that far more stringency is needed when granting permission to construct something in the Ridge.

CEC has approved the project citing it is in the "public interest", keeping in mind future developments planned by DDA in the area. The project was approved by Delhi's Ridge Management Board (RMB) on August 24, 2023, which recommended the proposal to CEC, which takes the final call on construction in forest land.

"The entire alignment of the road is over an area of 8.7 hectares and DDA will be utilising 3.6 hectares of the southern ridge and 0.968 hectares of morphological ridge land. This will involve felling of 1,051 trees, standing within the proposed alignment of construction," CEC said in its report dated December 6, submitted to the court.

Morphological ridge is an area that has Ridge-like features (such as rocky terrains and hills), but is not notified or protected forest land.

The report said that 296 out of the 1,051 trees were part of non-forest land, adding that the area is part of an eco-sensitive zone of Asola Bhatti Wildlife Sanctuary.

CEC, in its recommendation, said a provision for plantation within the ROW has been included in the proposal and the run-off water from paved surfaces will flow into swales. Around 500 trees are to be planted in the cross-section of these bio-swales.

CEC said DDA is planning to carry out Integrated Transit Corridor Development, for which approach roads totalling an approximate length of 10.5 km have been planned in the area, which would also be connected to nearby Satbari and Sahurpur.

"Several large-scale projects are being executed in this area including the SAU, housing for CBI, a unified complex of NIC, a CISF housing complex, a campus of IIFT, Delhi Police housing and residential buildings for NIA and CAPFIMS. Several plots have been allotted recently by DDA... However, there is no proper access to these projects which are under execution. Though the construction of the approach roads involves a length of about 10.525 kms... approval is being sought for construction of Gaushala Road, Chhattarpur Road to SAU, and SAU to CAPFIMS road," said the report.

"The construction of this 2.7 km long road is in the public interest and an access road is a basic necessity for important institutions," it added. The estimated cost of the Gaushala road (1.07km) is ₹29.86 crore and the CAPFIMS Road (1.65 km) is ₹33.62 crore. It added that the Gaushala Road will have a right of way (ROW) of 30 metres and the road from SAU to CAPFIMS of 24 metres.

"Over the last few years, we have already seen how difficult it is to remove encroachments from the ridge. Now we are allowing more projects in the Ridge sending out the wrong message. This is depleting its green cover," said Sonya Ghosh, an environmental activist.

Bhavreen Kandhari, another environmental activist said the fragmentation of the Ridge was clearly a violation of the right to clean air. "The Ridge contributes to groundwater recharge, temperature regulation, and serves as a sound barrier. Construction inside a forest clearly impacts the health and well being of the citizens and their future in this city," she said.

## HC SLAMS FOREST DEPT OVER LAXITY IN MARKING RIDGE LAND AS FOREST

Shruti Kakkar

letters@hindustantimes.com

**NEW DELHI:** The Delhi high court on Friday pulled up the forest department for notifying as reserved forest only 96.16 hectares of forest land in the Ridge that is free of encroachment.

The court observed that the government was trying to "dodge the real issue and pass the buck" by submitting that the notification regarding 3,526.98 hectares was awaiting lieutenant governor VK Saxena's approval.

Taking a grim view of the department's compliance affidavit on the concrete steps taken to remove encroachments and reclaim the forest land, the court said that the document gave an impression that the city government was not keen to protect the Ridge land as it was silent on the action taken by it.

"You are the custodian of the forest. We don't want a city devoid of forest and where our next generation does not know what forest is. Why is it that there is no correct specific answer... This is red tapism... I'm getting the impression that you're only trying to dodge the real issue. Is there a problem in noticing the forest," justice Jasmeet Singh said to advocate Satyakam who appeared for the Delhi government.

He added, "Do you want this forest to be encroached... Why are you dragging your feet... You see how much land you have removed from encroachment... 1.1 hectares... Four weeks is too long. No Mr Satyakam, it's not acceptable. Where is the chief secretary? Everyone is beseeching you with folded hands to protect our ridge."

Issuing notice to the Delhi Development Authority and housing ministry's Land and Development office to help the forest department hand over the Ridge land, justice Singh said the department must take every step within its power and jurisdiction to protect it. The court was considering a plea regarding multiple issues like the creation of alternative forest land in Delhi, the well-being of the Ridge, and the existing vacancies in the forest department.

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPERS------- 6 दैनिक जागरण नई दिल्ली, 16 दिसंबर, 2023 ---------DATED----------------------

# गुजरात की तर्ज पर राजधानी में भी होगा अंतरराष्ट्रीय पतंग महोत्सव

दैनिक जागरण एक्सक्लूसिव

संजीव गुप्ता • नई दिल्ली



इसी बांसेरा पार्क में अंतरराष्ट्रीय पतंग महोत्सव का होगा आयोजन • जागरण आर्काइव

**गुजरात की तर्ज पर राष्ट्रीय राजधानी में भी पहली बार अंतरराष्ट्रीय पतंग महोत्सव का आयोजन होगा। यह महोत्सव दिल्ली को एक नई पहचान देगा तो यहां के निवासियों को भी नए साल में गुनगुनी धूप के बीच कला-संस्कृति, खानपान एवं मनोरंजन के एक नए आयाम से रूबरू कराएगा। एलजी वीके सक्सेना के सुझाव पर इस अनूठे आयोजन की पहल दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के स्तर पर की जा रही है।** पतंग महोत्सव के लिए 14 जनवरी यानी मकर संक्रांति का दिन तय किया गया है।

राजनिवास और डीडीए अधिकारियों के अनुसार महोत्सव के लिए देश के विभिन्न राज्यों सहित विदेशों से भी 50 से अधिक अंतरराष्ट्रीय पतंगबाजों को अपनी कला प्रदर्शित करने के लिए आमंत्रित किया जाएगा। महोत्सव को मेले जैसा स्वरूप देने के लिए बांसेरा में पुरानी दिल्ली के फूड स्टाल लगेंगे, तो सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाएगा। इसके अलावा वहां नाना प्रकार की पतंगों की एक अनोखी प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी।

> अंतरराष्ट्रीय पतंग महोत्सव के आयोजन की रूपरेखा को अंतिम रूप दे दिया गया है। अब इसके क्रियान्वयन की दिशा में काम चल रहा है। जल्द ही इसकी सूचना पब्लिक डोमेन का हिस्सा होगी। कोशिश यही की जा रही है कि यह आयोजन दिल्ली वासियों को इतना पसंद आए कि हर वर्ष इसका इंतजार करें।
>
> **-सुभाशीष पांडा**, उपाध्यक्ष, डीडीए

महोत्सव में प्रवेश मुफ्त होगा, लेकिन पतंगबाजी की प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए शुल्क रखा जा सकता है। पतंगबाजी करने वालों के लिए कोई ड्रेस कोड भी हो सकता है। खान-पान का लुत्फ लेने के लिए जेब ढीली करनी पड़ेगी, लेकिन प्रयास रहेगा कि कीमतें ज्यादा नहीं रखी जाएं। पतंग महोत्सव का उदघाटन एलजी वीके सक्सेना करेंगे। इस आयोजन के जरिये जहां एक ओर पतंग उद्योग को बढ़ावा देने की सोच है। योजना बनाई है कि इसके बाद आने वाले वर्षों में इस महोत्सव की अवधि भी बढ़ाई जा सकती है और इसे राजधानी के सांस्कृतिक कैलेंडर में भी शामिल किया जा सकता है।

# नियम 280 के तहत सदस्यों ने उठाए क्षेत्र के मामले

**राब्यू, नई दिल्ली:** विधानसभा सत्र के दौरान शुक्रवार को नियम-280 (विशेष उल्लेख) के तहत कई सदस्यों ने अपने-अपने क्षेत्र के मुद्दे उठाए। इसमें सबसे पहले सत्तापक्ष के एक विधायक ने बुराड़ी में अनधिकृत कालोनी में काम कराने की चुनौतियों की ओर सदन का ध्यान आकर्षित कराया।

वहीं, सत्तापक्ष के सदस्य अजय दत्त ने अंबेडकर नगर अस्पताल में सुविधाओं की कमी का उल्लेख कर दूसरे प्रवेश द्वार के लिए डीडीए से जमीन देने का आग्रह किया।

चौधरी सुरेंद्र कुमार ने सेवाधाम मार्ग पर भारी जाम का मुद्दा उठाया, तो सत्तापक्ष के सदस्य महेंद्र गोयल ने 110 गलियों में तुरंत सीवर लाइन डलवाने की मांग की। सत्तापक्ष की सदस्या भावना गौड़ ने सदन में मंत्री आतिशी की सराहना की। नरेश बालियान, विपक्षी सदस्य मोहन सिंह बिष्ट, अजय महावर, जितेंद्र महाजन आदि भी ने अपने क्षेत्रों के मामले उठाए। भाजपा विधायक विजेंद्र गुप्ता ने दिल्ली-पानीपत व दिल्ली-अलवर रीजनल रेल ट्रांजिट सिस्टम परियोजनाओं में दिल्ली सरकार द्वारा रोड़े अटकाए जाने का मुद्दा उठाया।

**DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY**
**LIBRARY**
**PRESS CLIPPING SERVICE**

THE TIMES OF INDIA, NEW DELHI
SATURDAY, DECEMBER 16, 2023 S------------------------------------DATED--------------------

# HC raps dept for not notifying enough Ridge land as forest

Abhinav.Garg@timesgroup.com

**New Delhi:** Everyone is "beseeching you with folded hands" to protect the Ridge, Delhi High Court told the city's forest department on Friday.

Last month, the court had directed the Delhi chief secretary to declare the un-encroached Ridge area in the capital as "reserved forest" within two weeks or face contempt action for non-compliance.

The high court's lament came after it rapped the department for notifying only 96 hectares out of over 7,000 hectares of Ridge land as "reserved forest".

"Do what you owe to the citizens of Delhi...we don't want a situation where our children don't know what a forest in Delhi looks like...what else do you want us to do?" it said.

After going through the reply filed by the forest department, Justice Jasmeet Singh said, "The court gets the impression that the respondent is not keen on protecting the Ridge land...Orders passed by the Supreme Court and the National Green Tribunal are requiring the respondents to perform their statutory duties and protect the Ridge land, but the same is not happening."

The court said the affidavit filed by the Delhi government was "totally unsatisfactory" as it is silent on the time-frame within which the entire Ridge area would be notified and made encroachment-free.

Advocates Gautam Narayan and Aditya N Prasad, the amici curiae appointed by the HC in the matter, said it was imperative to notify the Ridge land as "reserved forest" to protect it from non-forest activities, but in spite of judicial orders, the authorities have just been "dragging their feet" for more than two years.

Justice Singh said he would have to initiate contempt proceedings against the official concerned in the face of non-compliance with court orders.

"Why are you saying 'will be done'? I am extremely unhappy with the wording," the judge said, adding that it left the impression that the authorities were "trying to dodge the real issue".

Delhi government counsel requested the court to grant him two weeks to file a better affidavit and ensure that a "substantial area" of the Ridge is notified as "reserved forest" in the meantime.

The court also made the Delhi Development Authority and the Land and Development Office parties to the proceedings.

नवभारत टाइम्स । नई दिल्ली । शनिवार, 16 दिसंबर 2023

# बेघरों की मौत पर चर्चा की मांग को लेकर विपक्ष ने किया हंगामा



विपक्षी विधायक लगातार नारेबाजी और हंगामा करते रहे। कुछ विधायकों ने सदन में प्लेकार्ड भी दिखाए

■ विशेष संवाददाता, नई दिल्ली

विपक्षी विधायकों ने विधानसभा में दिल्ली पुलिस की एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए दावा किया कि सर्दी बढ़ने के साथ बेघरों की मौत का सिलसिला शुरू हो गया है और पिछले एक महीने में सड़कों पर 203 लोगों की मौत हो गई है। विपक्ष के नेता रामवीर सिंह बिधूड़ी ने इस मुद्दे पर सदन का ध्यान आकर्षित करते हुए विधानसभा अध्यक्ष से इस पर चर्चा कराने और सरकार से जवाब देने की मांग की, लेकिन स्पीकर ने इसकी अनुमति नहीं दी, जिसके बाद विपक्षी विधायकों ने जमकर हंगामा किया। कुछ विधायकों ने सदन में प्लेकार्ड भी दिखाए, जिस पर स्पीकर ने उन्हें चेतावनी देते हुए कहा कि वह सदन की कार्रवाई के बीच किसी नोटिस को स्वीकार करके उस पर चर्चा नहीं करवा सकते। विपक्षी विधायक लगातार नारेबाजी और हंगामा करते रहे। आखिरकार स्पीकर ने मार्शल बुला लिए, जिन्होंने एक-एक करके सभी विपक्षी विधायकों को बाहर निकाल दिया।

**पुलिस की एक रिपोर्ट का हवाला देकर चर्चा करना चाहता था विपक्ष**

बाद में रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा कि पुलिस की रिपोर्ट के अनुसार पिछले एक महीने में ही दिल्ली की सड़कों पर 203 बेघर लोगों की मौत हो गई है। बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा का आरोप है कि दिल्ली सरकार और डुसिब के अफसरों की लापरवाही से हर साल ठंड के चलते सैकड़ों लोगों की जान चली जाती है। उन्होंने दावा किया कि 2018-19 में ठंड के दौरान 779 और 2019 -20 में 749 लोगों ने दम तोड़ दिया था। 2020-21 में ठंड से 436 और 2021-22 में 545 लोगों की ठंड से मौत हुई।

दिल्ली सरकार के मंत्री सौरभ भारद्वाज ने इन आरोपों को पूरी तरह गलत बताते हुए रिपोर्ट पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि इनमें से ज्यादातर एक्सिडेंटल डेथ के मामले हैं। कई मामले नवंबर के हैं, जबकि उस वक्त इतनी ठंड नहीं थी। झूठ बोलकर देश को गुमराह करना बीजेपी की पुरानी आदत है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की डीडीए, एल एंड डीओ, रेलवे, एएसआई जैसी एजेंसियों ने दिल्ली में बिना कोई वैकल्पिक व्यवस्था किए जिन हजारों लोगों को बेघर किया है, उन लोगों को मजबूरी में फ्लाईओवरों के नीचे और सड़कों पर ही शरण लेनी पड़ रही है।

# बिजली कनेक्शन नहीं मिलने का उठाया मुद्दा

■ प्रस, नई दिल्ली : उत्तम नगर विधानसभा के एमएलए नरेश बाल्यान ने लंबे समय से पेंडिंग बिजली के नए कनेक्शन का मुद्दा विधानसभा में उठाया। उन्होंने कहा कि लोग बिजली के नए कनेक्शन के लिए कई महीनों पहले आवेदन किए थे, लेकिन उन्हें कनेक्शन सिर्फ इसलिए नहीं मिला कि उनके पास डीडीए का एनओसी नहीं है। उनके विधानसभा क्षेत्र में ऐसे 4-5 हजार आवेदन पेंडिंग हैं। बाल्यान ने नियम 280 के तहत अपने विधानसभा क्षेत्र की समस्याओं को उठाया। उन्होंने कहा कि नए कनेक्शन के लिए बिजली वितरण कंपनियां कुछ क्षेत्रों में डीडीए का एनओसी मांग रही हैं। यह समस्या सिर्फ नए मकान बनाने वालों के सामने ही आ रही है। ऐसा इसलिए हो रहा है कि डीडीए ने कुछ क्षेत्रों में यह आब्जेक्शन लगा रखा है कि उनके एनओसी के बिना बिजली कनेक्शन न दिया जाए। बिजली कनेक्शन के लिए लोग 4-4 महीने पहले अप्लाई कर चुके हैं, लेकिन कनेक्शन नहीं मिल रहा है।

**मेरे विधानसभा क्षेत्र में ऐसे 4-5 हजार आवेदन पेंडिंग: बाल्यान**

**DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY**
**LIBRARY**
**PRESS CLIPPING SERVICE**

दैनिक जागरण नई दिल्ली, 16 दिसंबर, 2023



कुतुब गोल्फ कोर्स में शाम के समय खेलते गोल्फर्स • विपिन शर्मा

एनसीआर के आकर्षक गोल्फ क्लब में शामिल है गुरुग्राम का गोल्फ एंड कंट्री क्लब • जागरण

खेल की दुनिया

# गोल्फ रोमांच

गुनगुनी धूप, मखमली घास की हरी चादर, जगह-जगह सूक्ष्म झीलें और ऊंची पठारियां...हाथ में स्टिक, दमदार शाट, छोटी सी बाल की हजार गज बड़े आकार के मैदान में तलाश...ये माहौल...दृश्य से आप समझ गए न कि गोल्फ कोर्स की बात हो रही है। वैसे इस खेल की अनुभूति खेलकर ही की जा सकती है और इस खेल के प्रशंसक, गोल्फर्स यही कहते हैं इस खेल से एक बार दिल लग गया तो...बस लग गया। इन दिनों सर्दी के मौसम में गोल्फर्स का इस खेल से रोमांस और दोगुना हो जाता है। हरीभरी घास पर अलसाई धूप भी खेल प्रेमियों में स्फूर्ति भरे रहती है। सबरंग के इस अंक में बता रहे हैं एनसीआर के पुराने और आकर्षक गोल्फकोर्स के बारे में :

आजादी से पूर्व दिल्ली गोल्फ क्लब को ही लोधी गोल्फ क्लब कहा जाता था। इसका निर्माण 19वीं सदी के तीसरे दशक में नगरपालिका के उद्यान विभाग के तत्कालीन प्रमुख ने कराया था। तब इसके कुछ ही सदस्य थे और यह बंद होने की कगार पर था। गोल्फ क्लब के पुराने सदस्यों के अनुसार द्वितीय विश्व युद्ध के बाद 1948 में क्लब से 80 सदस्य जुड़े और 1951 में जब यह दिल्ली गोल्फ क्लब बन गया, तब भी इसकी सदस्यता 120 से अधिक नहीं थी। इसके बाद क्लब को भारतीय सिविल सेवा से जुड़े सदस्यों ने बचाया, जिसमें इसके संस्थापक सदस्य धर्म वीरा भी शामिल थे। उन्होंने तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू से सरकारी भूमि को 30 वर्षों के लिए कम वार्षिक किराये पर पट्टे पर देने का आग्रह किया था जिसे नेहरू ने मान लिया था। क्लब की चहारदीवारी में बड़ी संख्या में प्रसिद्ध लाल बंगला जैसे दिलचस्प मुगलकालीन पुरातात्विक अवशेष भी देखने को मिलते हैं।

**आइपीएल की तरह दिल्ली गोल्फ क्लब लीग:** यहां साल में 25-30 टूर्नामेंट होते हैं। महिलाओं के अलग और प्रोफेशनल के अलग टूर्नामेंट चलते हैं। यहां की दिल्ली गोल्फ क्लब लीग बहुत लोकप्रिय है। यह लीग आइपीएल की तरह है और सितंबर में तीन सप्ताह तक चलती है। क्लब इसकी तैयारी जोर-शोर से करता है। क्लब के पूर्व अध्यक्ष, सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारी व पूर्व कैबिनेट सचिव आरएस बेदी ने बताया कि पिछले दो वर्ष से वह बीएमडब्ल्यू टीम की ओर से खेल रहे हैं।

**क्रिसमस और नए साल की पार्टी का जश्न भी:** 1976 से क्लब के सदस्य आरएस बेदी बताते हैं कि इन 47 वर्षों में कई दौर देखे हैं। अब तो पूरा गोल्फ क्लब ही नए सिरे से बन गया है। वर्तमान गोल्फ कोर्स को बने भी तीन से चार वर्ष हो गए हैं। वर्ष 2018-20 में मैं अध्यक्ष बना और उसी दौरान क्लब में पब, बार और खाने-पीने की उत्तम व्यवस्था हुई। सर्दियों में इस क्लब में अलग ही रौनक देखने को मिलती है। यहां एक बड़ा लान है। सर्दियों में लंच की व्यवस्था वहीं होती है। सदस्यों के साथ परिवार के लोग भी इस समय क्लब जाते हैं और पूरा लान सदस्यों से भरा रहता है। फरवरी और मार्च तक यहां लोग खूब आते हैं। ऐसे ही शाम सात से रात 11 बजे तक पब में रौनक रहती है। क्लब में पिछले 47 वर्षों से हम क्रिसमस और नया साल भी खूब धूमधाम से मनाते हैं। हमारे बच्चे भी इसमें शामिल होकर खेल और खान-पान का आनंद लेते हैं। नए वर्ष की शाम यहां दोस्तों और परिवार संग मस्ती में झूमते गाते गुजरती है।

**पहला सार्वजनिक गोल्फ कोर्स क्लब:** रिंग रोड से लगभग पांच किमी दूर स्थित कुतुब गोल्फ क्लब, कुतुब मीनार के रास्ते पर है। ये पश्चिम में अरबिंदो मार्ग, दक्षिण में लाडो सराय गांव, डीडीए एसएफएस फ्लैट, पूर्व में साकेत और उत्तर में प्रेस एन्क्लेव रोड के पास पड़ता है। आप इसे भारत का पहला सार्वजनिक गोल्फ कोर्स क्लब कह सकते हैं। ये एक ऊंचे टीले पर बसे किले की तरह दिखता है। इसे दिल्ली विकास प्राधिकरण द्वारा डिजाइन व विकसित किया गया है। इस क्लब के माध्यम से डीडीए ने गोल्फ के खेल को आम जनता तक पहुंचाने का काम किया है। कुतुब गोल्फ क्लब के पदाधिकारी गोपाल बताते हैं कि इसे आस्ट्रेलियाई वास्तुकार रास पैरेट द्वारा डिजाइन किया गया है। ये एक अत्याधुनिक क्लब हाउस में आता है। हरे रंग की एक कृत्रिम टर्फ, चेंज रूम, प्रो शाप, सिम्युलेटर रूम, पार्टी रूम, रेस्तरां, बार, कैफेटेरिया के साथ-साथ कान्फ्रेंस रूम भी है। यहां गोल्फ की कोचिंग भी होती है। हाल ही में भारत में हुए वर्ल्ड कप के दौरान आस्ट्रेलिया और नीदरलैंड की टीम कुतुब गोल्फ कोर्स में खेलने पहुंची थी। यहां पर प्रतिदिन विदेशी मेहमान गोल्फ खेलने आते हैं। इस क्लब के सदस्य क्रिकेटर, राजनेता से लेकर उद्योगपति हैं। गोल्फ कोर्स के सचिव रिटायर्ड कर्नल आइएस कोहली बताते हैं कि कुतुब गोल्फ कोर्स का ड्रेनेज सिस्टम बहुत ही बेहतर तरीके से बनाया गया है। इसकी खासियत है कि भारी वर्षा होने के बावजूद गोल्फ कोर्स में एक बूंद भी जमा नहीं हो सकती। कंसलटेंट गोपाल सिंह ने बताया कि यहां पर गोल्फ सिखाने के लिए डबल डेकर ड्राइविंग रेंज भी बनाई गई है।

**साइबर सिटी में प्रकृति की खूबसूरती के बीच:** पूरी दुनिया में आइटी, आइटी इनेबल्ड, टेलीकाम, आटोमोबाइल एवं गारमेंट सेक्टर में विश्वस्तरीय पहचान बनाने वाली साइबर सिटी गोल्फरों के लिए भी आकर्षण का केंद्र है। साइबर सिटी में गगनचुंबी इमारतों के बीच जहां डीएलएफ गोल्फ एंड कंट्री क्लब है, वहीं मानेसर के नजदीक अरावली की गोद में क्लासिक गोल्फ एंड कंट्री क्लब है। दोनों क्लबों में पूरी दुनिया से गोल्फर टूर्नामेंट खेलने ही नहीं, बल्कि रूटीन में भी पहुंचते हैं। खासकर जिन्हें प्रकृति की खूबसूरती से बेहद लगाव है, वह क्लासिक गोल्फ एंड कंट्री क्लब में पहुंचते हैं। कैंपस में ही बने आइटीसी ग्रैंड भारत होटल में रुककर सुबह-शाम गोल्फ का आनंद लेते हैं। पिछले दिनों जी-20 देशों के शेरपाओं की बैठक आइटीसी ग्रैंड भारत होटल में ही आयोजित हुई थी। अधिकतर शेरपाओं ने गोल्फ खेला था।

**27-27 होल के हैं दोनों क्लब:** क्लासिक गोल्फ एंड कंट्री क्लब एवं डीएलएफ गोल्फ एंड कंट्री क्लब 27-27 होल के हैं। क्लासिक गोल्फ एंड कंट्री क्लब का डिजाइन जैक निकलास ने तैयार किया है और डीएलएफ गोल्फ एंड कंट्री क्लब का डिजाइन गैरी प्लेयर एवं अर्नोल्ड पामर तैयार किया है। दोनों की लंबाई सात हजार गज से अधिक है। समय-समय पर यहां पेशेवर टूर्नामेंट आयोजित होते रहते हैं। हाल ही में पहले क्लासिक गोल्फ एंड कंट्री क्लब में ब्रायन लारा, रिकी पोंटिंग, कपिलदेव, सानिया मिर्जा सहित कई महान क्रिकेटर व अन्य खिलाड़ी टूर्नामेंट में भाग लेने पहुंचे थे। इस क्लब में क्रिकेटर महेंद्र सिंह धौनी, युवराज सिंह, जाने माने उद्योगपति पवन मुंजाल, विकास बजाज, प्रमिल जिंदल रूटीन में गोल्फ खेलने के लिए पहुंचते हैं। क्लासिक गोल्फ एंड कंट्री क्लब के हेड ऋषि मट्टू एवं सीनियर वाइस प्रेसिडेंट प्रदीप सिंह दोनों बहुत अच्छे गोल्फर हैं और कई बार कोच की भी भूमिका निभाते हैं। उनका कहना है कि गोल्फ ऐसा खेल है कि जो एक बार अपनी आंखों से लाइव देख ले, उसे लगाव हो जाएगा।

**ऊंची-नीची पठारियों पर चुनौतियां यहां की यूएसपी:** आस्ट्रेलिया के ग्रेग नार्मन द्वारा डिजाइन किए गए जेपी गोल्फ कोर्स की अलग ही यूएसपी है। आस्ट्रेलिया के रहने वाले नार्मन नामी गोल्फ खिलाड़ी रहे हैं। वह 1980 और 1990 के बीच 331 सप्ताह दुनिया के नंबर के खिलाड़ी के पायदान पर काबिज रहे। भारत में उनके द्वारा डिजाइन किया गया यह एकमात्र गोल्फ कोर्स है। जेपी गोल्फ कोर्स प्रबंधन के मुताबिक यह भारत का दूसरा सबसे बड़ा गोल्फ कोर्स है। यहां ऊंची नीची पठारियां खिलाड़ियों के लिए नई-नई चुनौतियां पेश करती हैं, जो इसकी सबसे बड़ी यूएसपी है। बरमूडा घास जिसे एवरग्रीन भी कहा जाता है, यहां लगाई गई है। इस कोर्स को बनाने में इस बात का विशेष ध्यान रखा गया कि यहां आ रहे खिलाड़ियों को गर्मी, धूल और बाहर के शोर-शराबे से मुक्त प्रकृति के करीब होने का एहसास हो।

## एमपी गोल्फ क्लब आज

दिल्ली गोल्फ क्लब के पूल साइड लान में शनिवार को पांचवें एमपी गोल्फ क्लब का शुभारंभ होने जा रहा है। विदेश और संस्कृति राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी इसका उद्घाटन करेंगी। यह गोल्फ क्लब भारत की विकास यात्रा को समर्पित होगा। इसमें हाई कोर्ट के जज, ब्यूरोक्रेट, दिल्ली गोल्फ क्लब के सदस्य भी हिस्सा लेंगे।

मैं 35 साल से गोल्फ खेलता हूं। गुरुग्राम के क्लासिक एंड कंट्री क्लब और डीएलएफ गोल्फ एंड कंट्री क्लब दोनों ही जगह खेलने जाता हूं। क्लासिक गोल्फ एंड कंट्री क्लब तो है भी अरावली की गोद में, प्रदूषण से दूर, एक सुकून वाले वातावरण में। ऐसी जगह पर गोल्फ खेलने का आनंद ही कुछ अलग है। यह ऐसा खेल है कि एक बार जुड़ गए फिर इसका शौक कभी आपसे छूट नहीं सकता।
प्रमिल जिंदल, उद्योगपति, गुरुग्राम



मैं वर्ष 2012 से जेपी गोल्फ कोर्स में गोल्फ खेल रहा हूं। यही सबसे बड़ी वजह है कि मैं इसे अपना 'होम्स कोर्स' कहता हूं। कोर्स अंतरराष्ट्रीय स्तर की चुनौतियां भी पेश करता है जिसका अनुभव आज मेरे प्रदर्शन में नजर आता है।
– अर्जुन भाटी, अंतरराष्ट्रीय गोल्फ खिलाड़ी



मैंने पहली बार 2008 में पैन आइआइटी टूर्नामेंट में जेपी गोल्फ कोर्स में खेला था। यहां कई तरह की जल बाधाओं (छोटी-छोटी लेक) के साथ वास्तव में अच्छा है। हरियाली का बहुत अच्छे से रखरखाव किया जाता है। कुल मिलाकर एक अच्छा गोल्फ कोर्स और मेरे घर के नजदीक है।
-आशीष सक्सेना, विंग कमांडर



दिल्ली एनसीआर के कई गोल्फ कोर्स में खेला हूं, लेकिन जेपी गोल्फ कोर्स में जिस तरह रखरखाव किया है वैसा कहीं और नहीं है, इस खेल के लिए ये बहुत जरूरी भी है। यहां कुछ गोल काफी चुनौतीपूर्ण है, जो इसकी यूएसपी बढ़ाती है। वाटरबाडीज और बंकर्स भी गोल्फ खेलने के आनंद को बढ़ाते हैं।
- कर्नल अरुण आनंद

मैं कुतुब क्लब का करीब पांच साल से सदस्य हूं। इसके अलावा नोएडा गोल्फ कोर्स भी सदस्य हूं। यहां की सुंदरता के बीच गोल्फ खेलने का अलग ही आनंद है। इसलिए अधिकतर यहां पर ही खेलना पसंद करता हूं।
केशर सिंह, उद्योगपति नोएडा

कुतुब क्लब की सदस्यता लिए करीब 12 साल हो गए हैं। यहां के अलावा दूसरी जगह खेलने में मन नहीं लगता है। विशेषतौर पर शाम के समय खेलना बहुत ही अच्छा लगता है।
दीपक यादव, उद्योगपति नोएडा

## डीजीसी



**220** एकड़ क्षेत्र में फैला है दिल्ली गोल्फ क्लब (डीजीसी)

**1930** में यह नगरपालिका के अंतर्गत आता था, कोर्स सहित डीजीसी क्लब हाउस सरकारी जमीन पर बना है।

**24** फरवरी 1950 को यह एक कारपोरेट इकाई बन गया।

**18** होल है

**1976-77** में आस्ट्रेलिया के प्रोफेशनल गोल्फर पीटर थामसन ने इसे फिर बनाया।

**2019** में गैरी प्लेयर डिजाइन फर्म ने गोल्फ कोर्स को पूरी तरह से नया आकार दिया।

## कुतुब गोल्फ कोर्स

**2** जनवरी 2000 में बना था पहला पब्लिक कुतुब गोल्फ कोर्स।

**140** एकड़ में बने गोल्फ कोर्स में क्लब हाउस, जिम, स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स।

**18** होल वाला एनसीआर का पहला पब्लिक गोल्फ कोर्स अब जेपी गोल्फ कोर्स में भी 18 होल है।

**1766** सदस्य हैं यहां।

## जेपी गोल्फ कोर्स

| | |
|---|---|
| डिजाइनर | ग्रेग नार्मन |
| होल्स | 18 |
| क्षेत्र | 7347 यार्ड्स |
| वाटर बाडीज | 14 |
| बंकर्स | 88 |
| मेंबरशिप | 25 लाख रुपये, लाइफटाइम। एक दिन के लिए 6000-8500 रुपये। |

**मेंबरशिप :** सरकारी कर्मचारी को तीन साल की सदस्यता लेने के लिए 1.77 लाख रुपये और गैर सरकारी को 5.31 लाख रुपये फीस देनी होती है। इसी तरह सरकारी कर्मचारी को पांच साल की सदस्यता के लिए 2.95 लाख और गैर सरकारी को 8.85 लाख रुपये देने होते हैं। इसके अलावा तीन साल के लिए कारपोरेट सदस्यता पर 8.85 लाख रुपये देने होते हैं।

**पूर्व भारतीय कप्तान से लेकर केंद्रीय मंत्री तक आते हैं खेलने :** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान कपिल देव से लेकर केंद्रीय राज्यमंत्री राव इंद्रजीत सिंह भी अक्सर क्लब में खेलने आते रहते हैं। इनके अलावा केंद्रीय मंत्री व झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा, क्रिकेटर मुरली कार्तिक, निखिल चोपड़ा भी क्लब के सदस्य हैं।



अद्भुत दिखता है कुतुब गोल्फ कोर्स • विपिन शर्मा

-रितु राणा, शनि पाथौली, आदित्य राज, अर्पित त्रिपाठी

# DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
## LIBRARY
## PRESS CLIPPING SERVICE

SUNDAY TIMES OF INDIA, NEW DELHI
DECEMBER 17, 2023 ERS------------- हिन्दुस्तान ----DATED--------------------

# LG asks DDA to organise fest of kite flying in Jan

**TIMES NEWS NETWORK**

**New Delhi:** The age old sport of flying kites may make its presence in a different avatar in Delhi this time with special events proposed to be organised in several parts of the city.

LG VK Saxena has asked Delhi Development Authority to identify locations where kite-flying events could be organised during the festival of Makar Sankranti in January.

Kite flying in Delhi is largely witnessed on August 15, the Independence Day, when enthusiasts perch themselves on their terraces and in open spaces. The entire skyline in residential areas is taken over with colourful kites of different sizes. More densely populated the residential pocket is, more kites are seen in the sky.

"Vast open areas such as those along Yamuna will be shortlisted by DDA where the festival will be organised. Apart from Bansera, DDA has been told to look for spaces in other parts of the city," said an official.

